

नवभारत इंदौर, बुधवार, 22 अप्रैल, 2026 

## एक नजर में

### विधिक सेवाओं के लिए बहुउपयोगी वाहन, चालक भर्ती के आवेदन आमंत्रित

**धार।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा प्रदेश भर में विधिक गतिविधियों के सुदृढ़ीकरण हेतु बहुउपयोगी वाहन प्रदान किए गए हैं। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धार को भी एक नवीन वाहन प्राप्त हुआ है। इस वाहन की उपलब्धता से जिले के दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक साक्षरता कार्यक्रमों के संचालन में अधिक गति और सुगमता आएगी।

**विधिक योजनाओं का होगा सुलभ क्रियान्वयन**–नवीन वाहन के माध्यम से विधिक सेवा योजनाओं का क्रियान्वयन ग्रामीण अंचलों तक अधिक सरलता से संपादित किया जा सकेगा। उक्त वाहन के सुचारू संचालन हेतु 01 वाहन चालक की नियुक्ति 02 वर्ष के लिए संविदा आधार पर की जानी है, जिसके लिए निर्धारित मानदेय देय होगा।

**आवेदन के लिए महत्वपूर्ण जानकारी :** सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप सोनी ने बताया कि इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026, सायं 05.30 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर, धार में आवेदक डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवश्यक दस्तावेजों सहित अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी, पात्रता शर्तें एवं आवेदन का प्रारूप प्राप्त करने हेतु अभ्यर्थी किसी भी कार्यदिवस में जिला न्यायालय परिसर धार स्थित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### विवाह कार्यक्रम के लिए दूल्हा-दुल्हनों का पसंदीदा शहर बनकर उभरा मांडू

**मांडू सोनू यादव ।** ऐतिहासिक धरोहरों का शहर माण्डू पर्यटन के मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान रखता है मांडू के बदलते भौगोलिक परिदृश्य और सुविधाओं के विस्तार के चलते मांडू पर्यटन के साथ साथ प्रीवेडिंग सूट के लिए भी दूल्हा दुल्हनों का पसंदीदा शहर बनकर उभरा है बीते वर्षों की तुलना की जाए तो माण्डू में प्रतिवर्ष पर्यटक बढ़ता ही जा रहा वर्ष 2024 -25 में देशी पर्यटक 370970 विदेशी 1461 वही 2025-26 में देसी पर्यटक 396373 व विदेशी 1440 पर्यटक मांडू पहुँचे इस तरह पर्यटकों की संख्या में प्रतिवर्ष बढ़ोतरी देखने को मिल रही देसी पर्यटकों के अलावा विदेशी पर्यटकों की संख्या में काफ़ी इज़ाफ़ा देखने को मिल रहा हे , **केंद्र की 61 संरक्षित इमारत ,राज्य की 17** -मांडू के ऐतिहासिक वैभव की बात करे तो यहाँ केंद्र सारकर द्वारा संरक्षित 61 इमरते में रानी रूपमती महल ,बाज बहादुर का महल, जहाज़ महल, असर्फ़ी महल,जामी मसजिद के साथ धार्मिक स्थल नीलकण्ठ महादेव मंदिर, साथ कोठरी महादेव मंदिर शामिल है, इसके अलावा राज्य पुरातत्व विभाग की सूची में 56 महल ,आँध आँधी का महल रोजा का मक़बरा,रोशन बाग का महल पर्यटकों को अपनी और आकर्षित करते हैं ,**वी वेडिंगसूट का हब बना मांडू**-बीते कुछ वर्षों में मांडू में प्री वेडिंग सूट भी बोहोत बड़ा हे वेडिंग सूट वालों के लिए मांडू पसंदीदा शहरों में शुमार रखता है आए दिन नए कैपल्स को प्री वेडिंग सूट करते देखा जा सकता है हालाँकि केंद्रीय पुरातत्व विभाग की इमारतों में इसकी परमिशन नहीं दी जाती है लेकिन बेहतर लोकेशन और प्राकृतिक सौन्दर्य से भरी मांडू की वादियाँ इसका ख़ास कारण देखने में आया है **फ़िल्म सूटिंग के लिए बेहतर लोकेसन** -मांडू फ़िल्म शूटिंग का भी आपना क्रेज है 70-80 के दशक की बात करें या 21वीं की मांडू फ़िल्मी दुनिया वालों का पसंदीदा शहर रहा मांडू में जीने नहीं दूँगा , ढंका, रानी रूपमती,के साथ पेड़मैन, यमला पगला दीवाना, दबंग 3 जेसी बड़े बैनर की फ़िल्मों के अलावा कई वेब सीरिज और नाटकों का भी फ़िल्मांकन किया जा चुका है

**सुविधाओं का विस्तार**-पर्यटन नगरी मांडू में लगातार सुविधाओं में विस्तार देखने को मिल रहा हे पहले मांडू में चुनिंदा होटले हुआ करती थी लेकिन अब यहाँ पर थ्री स्टार केटेगिरी की होटलों के साथ सर्व सुविधा युक्त हॉटलो का विस्तार हुआ हे

### भीम पेमेंट्स ऐप पर अब सिबिल स्कोर उपलब्ध

इंदौर. क्रेडिट सूचना कंपनी ट्रांसयूनियन सिबिल ने आज एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड द्वारा विकसित भारत के स्वदेशी भुगतान ऐप भीम पेमेंट्स ऐप में उपभोक्ता सिबिल स्कोर और क्रेडिट सूचना रिपोर्ट के एकीकरण की घोषणा की. इस एकीकरण के माध्यम से भीम ऐप के उपयोगकर्ता ऐप के भीतर ही अपने सिबिल स्कोर और महत्वपूर्ण क्रेडिट जानकारी को सुरक्षित रूप से एक्सेस, देख और ट्रैक कर सकेंगे, जिससे उन्हें अपनी क्रेडिट स्थिति की बेहतर समझ मिलेगी. इस साझेदारी पर ट्रांसयूनियन सिबिल के एमडी और सीईओ भावेश जैन ने कहा मजबूत और सुदृढ़ क्रेडिट इकोसिस्टम के केंद्र में क्रेडिट जागरूकता और क्रेडिट समावेशन होते हैं. भीम पेमेंट्स ऐप अपने करोड़ों उपयोगकर्ताओं के लिए सिबिल स्कोर और क्रेडिट सूचना रिपोर्ट को आसानी से सुलभ बनाएगा. एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड की एमडी और सीईओ, ललिता नटराज ने कहा ट्रांसयूनियन सिबिल के साथ हमारे सहयोग के माध्यम से, हम इस दृष्टिकोण को क्रेडिट जागरूकता तक विस्तारित कर रहे हैं, जिससे उपयोगकर्ता भीम ऐप के भीतर आसानी से अपना सिबिल स्कोर एक्सेस कर सकें.

### एयू बैंक ने 'एयू रॉयल बैंकिंग प्रोग्राम' की शुरुआत की

इंदौर. अपने 31वें फाउंडेशन डे के अवसर पर, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने आज कंपनी सेक्रेटरीज़ के लिए एयू रॉयल बैंकिंग प्रोग्राम के शुभारंभ की घोषणा की. यह एक संरचित, सुरक्षित और प्रोफेशन-सेंट्रिक प्रीमियम बैंकिंग इकोसिस्टम है, जिसे विशेष रूप से भारत में कॉरपोरेट गवर्नेंस और अनुपालन के संरक्षकों कंपनी सेक्रेटरीज़ के लिए डिज़ाइन किया गया है. लॉन्च पर उत्तम त्रिवेदी, डिप्टी सीईओ, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने कहा कंपनी सेक्रेटरीज़ कॉरपोरेट भारत में संस्थागत विश्वास, गवर्नेंस की शुचिता और नियामकीय अनुशासन को बनाए रखने में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं. आईसीएसआई के साथ हमारी विशेष साझेदारी के बाद, एयू रॉयल बैंकिंग प्रोग्राम सीएस प्रोफेशनल्स को उनकी पेशेवर ज़िम्मेदारियों और विकसित होती आवश्यकताओं के अनुरूप एक सुरक्षित, पारदर्शी और रिलेशनशिप-आधारित बैंकिंग इकोसिस्टम प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है. पवन जी. चांडक, अध्यक्ष आईसीएसआई ने कहा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ यह सहयोग कंपनी सेक्रेटरीज़ को उनके महत्वपूर्ण पेशेवर योगदान और विकसित होती आवश्यकताओं के समर्थन हेतु प्रोफेशन-अलाइन बैंकिंग समाधानों से सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम है.

### सेमसंग की विरासत सिर्फ उत्पादों तक सीमित नहीं

इंदौर. भारत में सेमसंग की कहानी का एक पहलू वह है जिसे लोग अक्सर मार्केट शेयर, स्मार्टफोन लॉन्च और नोएडा की उस विशाल फैक्ट्री से जोड़ते हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी मोबाइल फोन निर्माण इकाइयों में से एक है. यह कहानी निश्चित रूप से प्रभावशाली है, लेकिन पूरी तस्वीर पेश नहीं करती. यह कहानी भारत के मानव संसाधन के लिए कहीं अधिक महत्वपूर्ण साबित हो सकती है. यह कहानी उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के स्कूलों में, महाराष्ट्र की कोडिंग लैब्स में और आईआईटी दिल्ली के इनक्यूबेशन सेंटर में लिखी जा रही है. सेमसंग साउथवेस्ट एशिया के कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट एसपी चुन कहते हैं, भारत में तीन दशक पूरे करते हुए, हम मानते हैं कि इनोवेशन और शिक्षा प्रगति का आधार भी हैं और सभी को साथ लेकर चलने का माध्यम भी. आगे हमारा फोकस इस बात पर है कि इस क्षमता को बड़े स्तर पर असरदार बनाया जाए. सेमसंग में हम ऐसे युवा इनोवेटर्स को तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिनमें कौशल, रचनात्मकता और मिलकर काम करने की सोच हो, ताकि वे जटिल सामाजिक चुनौतियों का समाधान कर सकें और एक बेहतर व समावेशी भविष्य बना सकें.

# नारी ने निर्णय लेने का सामर्थ्य किया प्राप्त : भावसार

- चार दिवारी से बाहर निकलकर भी कार्य करने की क्षमता को नारी ने सिद्ध किया है : पार्षद

**कुक्षी। आज की नारी निजी स्वतंत्रता के साथ स्वयं के निर्णय लेने में समर्थ हो चुकी है। नारी ने अपने घरेलू दायित्वों के साथ बाहरी वातावरण से बेहतर तालमेल बिठाकर स्वयं की पहचान कायम की है। उक्त विचार नारी शक्ति वंदन अन्तर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुक्षी में आयोजित व्याख्यान में प्रमुख वक्ता समाजसेवी सेवानिवृत्त शिक्षक श्रीमती शारदा भावसार ने व्यक्त किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पार्षद श्रीमती दुर्गाबाई देवाराम पाटीदार ने कहा कि नारी घर की चार दिवारी से बाहर निकलकर संसद तक में प्रवेश करने में सक्षम हुई है।**





नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में अतिथियों के साथ संस्था की सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्रा तपस्या आनंदीलाल पवार व उनकी माताजी श्रीमती बबीता पवार , संस्था की श्रमशील नारी शक्ति की प्रतीक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी वेस्तीबाई चौहान, सायरीबाई डावर व श्रीमती कविता जमरा का भी सम्मान किया गया।

इस अवसर पर संस्था की गृहविज्ञान संकाय की उच्च माध्यमिक शिक्षक श्रीमती अनिता एस्के का गृहविज्ञान संकाय की छात्रा दीपिकाबेन अलावा के जिला प्रावीण्य सूची में आने पर सम्मान किया गया। नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में कु.परी चौहान, कु.नंदिनी निहाले कु. साक्षी भाभर द्वारा नारी केन्द्रित चित्र बनाने पर छात्राओं को सम्मानित किया गया। संस्था प्रभारी श्रीमती कविता मुकाती ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। अनिता एस्के, पिंकी यादव , शदुर्गा जामोद, सुशीला गाडरिया, केशर देवड़ा , सरोज देसाई, प्रेमलता गुप्ता, फातेमा सैफी, आशा वर्मा, राजनंदिनी राठौड़ आदि ने पुष्पहारों व उपहार भेंट कर किया। संचालन मनोज साधु ने तथा आभार आशा काग ने व्यक्त किया।

## गो सम्मान आह्वान के तहत भरवाए जा रहे संकल्प पत्र

**धार। देश भर में संतों एवं समाज द्वारा चलाए जा रहे गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा मिले एवं देश भर में गौ हत्या पर पूर्णत प्रतिबंध लगाया जाए इस अभियान को लेकर देश भर में गौ भक्तों द्वारा संकल्प पत्र भरवा जा रहे हैं।**

इसी अभियान को लेकर धार स्थित श्री लक्ष्मी गौशाला के पदाधिकारी सदस्यों एवं गौ भक्तों द्वारा धार एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कैंप लगाकर संकल्प पत्र भरवा जा रहे हैं। उक्त संकल्प पत्र भरवा कर देश की प्रत्येक तहसील में 27 अप्रैल को 11 बजे राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम जनता द्वारा प्रार्थना पत्र तहसीलदार को दिए जाएंगे इस हस्ताक्षर अभियान में धार की लक्ष्मी गौशाला के संरक्षण राजेंद्र शर्मा, नरेश राजपुरोहित, राजेश हरोड़, ममता जोशी, प्रतिभा शर्मा, मुन्नालाल राठौर, ब्रजकिशोर वोडा , देवचंद बोडिया, प्रवीण गोध भास्कर राव सोनोन प्रशांत राव शरद व्यास आदि द्वारा शहर एवं गांव में घूम कर संकल्प पत्र भरवा जा रहे हैं।





## विपक्ष की एकजुटता ने विफल की साजिश : रीना

- कांग्रेस शुरू से महिला सशक्तिकरण की पक्षधर

नव भारत न्यूज

इंदौर. संसद में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पारित नहीं हो सका. इससे साफ हो गया है कि देश अब विभाजनकारी राजनीति को स्वीकार नहीं करेगा. मोदी सरकार ने महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन के माध्यम से सत्ता पर एकाधिकार जमाने की जो साज़िश रची थी, इंडिया गठबंधन (विपक्ष) की एकजुटता ने उसे विफल कर दिया है.

यह बात पत्रकारों से प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया ने कही. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी शुरू से ही महिला सशक्तिकरण की पक्षधर रही है. राहुल गांधी के नेतृत्व में यह मांग लगातार उठाई जाती रही है कि महिलाओं को उनका अधिकार बिना किसी शर्त और देरी के मिलना चाहिए. लेकिन केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण को परिसीमन और जनगणना जैसी प्रक्रियाओं से जोड़कर इसे लागू करने में अनावश्यक बाधाएं खड़ी की हैं.





### ओबीसी महिलाओं की भागीदारी तय हो

उन्होंने कहा कि बिना जातिगत जनगणना के परिसीमन कराना सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है और इससे विशेष रूप से पिछड़े वर्ग की महिलाओं के अधिकार प्रभावित होंगे. कांग्रेस मांग करती है कि सरकार अपनी मंशा साफ करे और वर्तमान 543 लोकसभा सीटों में ही महिलाओं को 33% आरक्षण निर्धारित करे. आरक्षण प्रक्रिया में ओबीसी महिलाओं की भागीदारी तय होनी चाहिए, जिसे भाजपा लगातार दरकिनार कर रही है. चर्चा में प्रदेश प्रवक्ता अमित चौरसिया, हिमानी सिंह, पार्षद सोनिला मीमरोट, शशि हाड़ा सहित महिला कांग्रेस की पदाधिकारी मौजूद थी.

## भीषण गर्मी के चलते स्कूल समय बदला, 7 से 12 बजे तक कक्षाएं

### *प्रभारी कलेक्टर अभिषेक चौधरी ने जारी किए आदेश, 21 अप्रैल से होगा प्रभावी*

धार। धार जिले में बढ़ते तापमान और ग्रीष्म ऋतु की तीव्रता को देखते हुए छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए जिले के सभी स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। प्रभारी कलेक्टर अभिषेक चौधरी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अब जिले के समस्त विद्यालय प्रातःकालीन पाली में संचालित होंगे।

जारी आदेश के अनुसार, जिले के अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, निजी एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों (कक्षा नर्सरी से 12वीं तक) के अध्यापन का समय प्रातः 07ः00 बजे से दोपहर 12ः00 बजे तक निर्धारित किया गया है। वर्तमान में चल रही या आगामी परीक्षाओं के समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है, वे अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही संचालित होंगी।

यह आदेश 21 अप्रैल 2026 से जिले के समस्त विद्यालयों पर अनिवार्य रूप से प्रभावी होगा। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं समस्त संकुल प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि वे अपने क्षेत्रांतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में उक्त आदेश का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराएं।

## कलेक्टर के आदेश से बच्चों और अभिभावकों को मिलीराहत

**(खबर का असर)**

**मनावर। जिले में इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। चिलचिलाती धूप और तेज तापमान के बीच आम जन जीवन प्रभावित हो रहा है, वहीं सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को झेलनी पड़ रही है। इस संबंध में गत दिनों प्राथमिकता से समाचार प्रकाशित हुए थे। जिस पर नवागत जिला कलेक्टर अभिषेक चौधरी ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए स्कूल का समय परिवर्तित किया।जिससे स्कूली बच्चों और अभिभावकों को बड़ी रहत मिली।**18 अप्रैल को जारी आदेशानुसार वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु के कारण दिन के तापमान में निरंतर वृद्धि होने के कारण स्कूलों में छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड़ सकता है। एतद् द्वारा धार जिला अन्तर्गत कक्षा नर्सरी से कक्षा 12 वी तक संचालित समस्त शासकीय / अशासकीय / अनुदान प्राप्त विद्यालयों के अध्यापन का समय प्रातः 07.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक निर्धारित किया जाता है । परीक्षा? निर्धारित समय अनुसार संचालित होगी। यह आदेश दिनांक 21.04.26 से प्रभावशील होगा।

### बच्चों का स्कूल जाना जोखिम भरा हो गया था

स्कूली बच्चों, अभिभावकों, नागरिकों ने जिला कलेक्टर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अंचल में सुबह से ही तेज धूप और लू जैसे हालात बन रहे हैं। ऐसे में बच्चों का स्कूल जाना जोखिम भरा हो गया था। कई जगहों पर बच्चों के चक्कर आने और थकान की शिकायतें भी सामने आ रही थी।अभिभावकों का कहना है कि नए आदेश के तहत स्कूलों की छुट्टी का समय दोपहर 12 बजे है। निजी स्कूलों के अधिकांश बच्चे स्कूलों की बस से आते जाते हैं स्कूलों द्वारा मनमाना शैक्षणिक और वाहन शुल्क तो लिया जाता हैं मगर स्कूलों की बसे बच्चों को चौराहों पर उतार कर चली जाती है। नए आदेश के तहत दोपहर की तेज धूप में बच्चों को पैदल घर जाना होगा। अभिभावकों ने मांग की है कि सभी निजी स्कूलों की बसे बच्चों को उनके घर तक छोड़े ताकि बच्चों को तेज धूप के कारण प्रतिकूल प्रभाव से बचाया जा सके

# प्रशासन ने दो स्थानों पर सरकारी जमीन से हटाया अतिक्रमण

- प्रशासन द्वारा खजराना और गाडराखेड़ी में कार्रवाई
- 30 करोड़ की शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त, 12 मकान हटाए

नव भारत न्यूज

**इंदौर. सोमवार को शहर में प्रशासन, नगर निगम और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो स्थानों पर करोड़ों की सरकारी जमीन मुक्त कार्रवाई. शहर के जूनी इंदौर और मल्हारगंज तहसील में अतिक्रमण हटाकर 35 करोड़ रुपए मूल्य की जमीन खाली कराई गई. खास बात यह है कि एक जमीन सरकार ने लोक परिसंपत्ति व्ययन के तहत बेच जा चुकी है.**





कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटाने का अभियान लगातार जारी है. इस क्रम में आज प्रशासन ने कार्रवाई कर खजराना में 30 करोड़ रुपए मूल्य की बेशकीमती सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया. एसडीएम जूनी इंदौर घनश्याम धनगर ने बताया कि सरकारी सीलिंग की जमीन खसरा क्रमांक 442/1 की 30,000 वर्गफीट पर अतिक्रमण कर पक्के मकानों का निर्माण कर लिया गया था. आज उक्त 12 मकानों को हटाने की कार्रवाई की गई. इसी तरह एसडीएम मल्हारगंज निधि वर्मा ने ग्राम गाडराखेडी में 3 हजार वर्गफीट सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करके बनाए गए 9 मकानों में से आज 7 मकान तोड़ने की कार्रवाई की. बचे दो मकानों पर हाईकोर्ट का स्टे होने से कार्रवाई नहीं की जा सकी है. प्रशासन ने उक्त गाडराखेड़ी की 14 हजार वर्गफीट सरकारी जमीन को लोक परिसंपत्ति व्ययन नियम के तहत हेमर स्मिथ इंटरप्राइजेस को 22- 23 में बेचा दिया था. मौके पर 3 हजार फीट जमीन पर 9 मकान बने हुए थे. कार्रवाई के दौरान एसीपी खजराना कुंदन मंडलोई, तहसीलदार राकेश सस्तिया, अपर तहसीलदार कमलेश कुशवाह,अशोक परमार, थाना प्रभारी मनोज सेंधव, रिमूवल अधिकारी बबलू कल्याणे तथा राजस्व, पुलिस और नगर निगम का रिमूवल अमले के कर्मचारी मौजूद थे.